दिन— गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक— 23 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि— 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए प्रचार का शोर आज शाम समाप्त हो जायेगा। राज्य की आठ लोकसभा सीटों के लिए शनिवार को होगा मतदान।

02. निर्वाचन आयोग ने भाजपा और कांग्रेस को चुनाव प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले बयानों से बचने का निर्देश दिया।

03. छपरा में चुनाव बाद हुयी हिंसा के मामले में पांच प्राथमिकी दर्ज। इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध पच्चीस मई तक बढ़ाया गया।

04. और, आज बुद्ध पूर्णिमा है। बोधगया के महाबोधि मंदिर में हो रही है विशेष पूजा—अर्चना।

---

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए प्रचार का शोर आज शाम समाप्त हो जायेगा। छठे चरण में राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों— वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में शनिवार को मतदान होगा। इस चरण में छियासी उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत दांव पर है। सीवान लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय जबकि अन्य सात सीटों पर एनडीए और इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के बीच सीधी टक्कर है। वाल्मीकिनगर में जदयू के सुनील कुशवाहा और राजद के दीपक यादव, पूर्वी चंपारण में भाजपा के राधा मोहन सिंह और वीआईपी के राजेश कुमार तथा पश्चिम चंपारण में भाजपा के डॉ. संजय जायसवाल और कांग्रेस के मदन मोहन तिवारी आमने—सामने हैं। वहीं, शिवहर में जदयू की लवली आनंद और राजद की रितु जायसवाल, वैशाली में लोक जनशक्ति पार्टी—रामविलास की वीणा देवी और राजद के मुन्ना शुक्ला, गोपालगंज में जदयू के आलोक कुमार सुमन और वीआईपी के प्रेमनाथ चंचल तथा महाराजगंज में भाजपा के जनार्दन सिंह सिग्रीवाल और कांग्रेस के आकाश कुमार सिंह के बीच सीधी टक्कर है। वहीं, सीवान में जदयू की विजयलक्ष्मी देवी, राजद के अवध बिहारी चौधरी और निर्दलीय हेना शहाब के बीच त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं।

---

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सासाराम के करगहर और बक्सर लोकसभा क्षेत्र के नवानगर में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मोतिहारी के गोविंदगंज और पश्चिम चंपारण के सुगौली में एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभाएं करेंगे। दूसरी तरफ, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी का आज सीवान, सारण, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, शिवहर, वैशाली और महाराजगंज लोकसभा क्षेत्रों में ग्यारह जनसभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है। राजद की वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में प्रचार अभियान चलायेंगी। वहीं, बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती बक्सर में पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। भाकपा माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य का आज काराकाट लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने का कार्यक्रम है।

---

निर्वाचन आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पार्टी के प्रमुख प्रचारकों को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले बयानों से बचने का औपचारिक नोट जारी करने का निर्देश दिया है। एक रिपोर्ट–

——— रिपोर्ट ———

आयोग ने कहा कि किसी भी पार्टी या उम्मीदवार को ऐसा भाषण नहीं देना चाहिए जिससे समाज में मतभेद पैदा हो और सांप्रदायिकता बढ़े। आयोग ने कांग्रेस के प्रचारकों को सेना के नाम का इस्तेमाल और देश का संविधान खत्म करने की बात भाषण में नहीं करने को कहा है। दोनों दलों से चुनाव अभियान को देश के समग्र और संवेदनशील ढांचे के व्यावहारिक पहलुओं के अनुरूप बनाने के लिए कहा गया है। प्रचार के दौरान दिए गए अनुचित बयानों के मामले में दोनों दलों द्वारा दायर शिकायतों के जवाब में ये निर्देश जारी किए गए हैं। दिल्ली से अर्पिता की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्राची प्रिया।

---

छपरा में दो राजनीतिक दलों के बीच हुई हिंसक झड़प और गोलीबारी के मामले में पांच प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस प्रशासन की ओर से तीन केस दर्ज कराये गये हैं। इसमें राजद उम्मीदवार रोहिणी आचार्य और पार्टी नेता भोला यादव को भी आरोपी बनाया गया है। वहीं, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट के खिलाफ एक मामला दर्ज कराया गया है। इसके अलावा राजद उम्मीदवार रोहिणी आचार्य पर हमले के मामले में उनके चुनाव एजेंट ने भी एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। इधर, जिला प्रशासन ने इंटरनेट पर प्रतिबंध की अवधि दो दिन और बढ़ा दी है। अब पच्चीस मई

तक इंटरनेट पर प्रतिबंध जारी रहेगा। इस बीच चुनाव बाद हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया। अदालत ने दोनों को चौदह दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

---

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात जहानाबाद लोकसभा सीट की। जहानाबाद बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां सातवें और अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

दरधा और जमुनई नदी के संगम पर बसा जहानाबाद राजनीतिक दृष्टिकोण से काफी संवेदनशील माना जाता है। यह लोकसभा क्षेत्र लंबे समय तक वामपंथ का सियासी गढ़ रहा। इसके बाद यहां से कांग्रेस और जनता दल के उम्मीदवार भी जीते। वर्ष 1998 के लोकसभा चुनाव से इस सीट पर हर बार सांसद बदलते रहने की परंपरा रही है। वर्ष दो हजार उन्नीस में इस सीट से जदयू के चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को जीत मिली थी। इस बार भी पार्टी ने उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें चुनाव मैदान में उतारा है। उनके सामने हैं विपक्षी गठबंधन से राजद के सुरेंद्र प्रसाद यादव। वहीं, पूर्व सांसद अरुण कुमार भी बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव मैदान में कुल पंद्रह उम्मीदवार हैं लेकिन जदयू, राजद और बसपा उम्मीदवारों के बीच त्रिकोणीय मुकाबला माना जा रहा है। जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी छह विधानसभा क्षेत्रों पर विपक्षी गठबंधन का कब्जा है। कुर्था, जहानाबाद, मखदुमपुर और अतरी सीट पर राजद के, जबकि अरवल और घोसी सीट पर भाकपा माले के विधायक हैं। जहानाबाद संसदीय क्षेत्र में विकास आज भी प्रमुख चुनावी मुद्दा है। साथ ही लोगों के बीच बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों की भी चर्चा है। जदयू उम्मीदवार चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी जहां केंद्र और सरकार की उपलब्धियों को लेकर आम लोगों के बीच जा रहे हैं। वहीं, राजद और बसपा उम्मीदवार स्थानीय मुद्दों के आधार पर लोगों को गोलबंद करने में जुटे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्षेत्र के मतदाता त्रिकोणीय मुकाबले में दोबारा जदयू उम्मीदवार चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को लोकसभा भेजते हैं या फिर राजद उम्मीदवार सुरेंद्र प्रसाद यादव या बहुजन समाज पार्टी उम्मीदवार अरुण कुमार में से किसी एक पर अपना भरोसा जताते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए जहानाबाद से आभाष रंजन।

---

देश भर में आज बुद्ध पूर्णिमा श्रद्धा के साथ मनाई जा रही है। यह दिन भगवान बुद्ध के जन्म, बोधगया में उनके ज्ञान प्राप्ति और कुशीनगर में महापरिनिर्वाण से जुड़ा है। भगवान बुद्ध का जन्म पांच सौ तिरेसठ ईसा पूर्व नेपाल के लुम्बिनी में वैशाख पूर्णिमा के दिन हुआ था। वैशाख पूर्णिमा का दिन पूरे विश्व के बौद्ध धर्मावलम्बियों के लिए विशेष महत्व का दिन है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस अवसर पर पूजा अर्चना के लिए कई देशों से पर्यटक और श्रद्धालु बोधगया पहुंचे हुये हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

महात्मा बुद्ध की दो हजार पांच सौ अड़सठवीं जयंती पर बोधगया में आज विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है। आज अहले सुबह महात्मा बुद्ध की अस्सी फीट ऊंची मूर्ति से महाबोधि मंदिर तक भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर भी महाबोधि मंदिर में पूजा अर्चना में हिस्सा लेंगे। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर महाबोधि मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। यहां स्थित विभिन्न देशों के बौद्ध विहारों को भी पंचशील ध्वजों और फूलों से सुसज्जित किया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महाबोधि मंदिर आज रात ग्यारह बजे तक खुला रहेगा। इधर, कालचक्र मैदान में एक हजार से अधिक बौद्ध भिक्षुओं के बीच चीवर दान और संघ दान की व्यवस्था की गयी है। फल्गु नदी में बढ़ते प्रदूषण के प्रति आम लोगों

को जागरूक कने के उद्देश्य से आज शाम एक निजी संस्था द्वारा भास्कर घाट पर फल्गु महा–आरती का आयोजन किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार के लिए बोधगया से धर्मवीर भारती।

इधर, पटना स्थित बुद्ध स्मृति पार्क में भी इस अवसर पर विशेष समारोह का आयोजन किया जा रहा है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी हैं।

---

प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर बारिश का सिलसिला जारी है। गोपालगंज, नालंदा, शेखपुरा और बेगूसराय समेत कई जिलों में सुबह से बारिश हो रही है। पटना में भी बादल छाये हुए हैं और ठंडी हवा चल रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया कि अगले तीन दिनों तक राज्य के विभिन्न भागों में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होने की संभावना है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुयी है। सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, कटिहार और पूर्णियां में तेज हवा के साथ बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है।

---

प्रदेश में एक साल के अंदर इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के लिए एक हजार से अधिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। नीति आयोग के सलाहकार सुधेंदु ज्योति सिन्हा ने बताया कि एक निश्चित दूरी पर चार्जिंग स्टेशन खोले जायेंगे। इधर, राज्य सरकार ने तीन सौ जगहों पर चार्जिंग स्टेशन खोलने की तैयारी शुरू कर दी है। वर्तमान में राज्य में तीन सौ से अधिक चार्जिंग स्टेशन काम कर रहे हैं।

---

पटना के शाहपुर थाना क्षेत्र के उसरी पुल के पास पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में पंद्रह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, इस मामले में सैंतीस लोगों के खिलाफ नामजद और डेढ सौ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

---

पटना की एक अदालत ने अपहरण और हत्या के लगभग दस वर्ष पुराने एक मामले में दोषी राहुल राज को उम्रकैद और बीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक जागरण** ने चुनाव आयोग के निर्देश को प्रमुखता देते हुए लिखा है– धर्म–जाति के आधार पर प्रचार से बचें, नहीं करें सेना पर बयानबाजी। **हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– बिहार में करोड़ पतियों से सजा सातवें चरण का चुनावी अखाड़ा। सबसे अमीर रविशंकर प्रसाद, तो सबसे कम संपत्ति नागेश्वर प्रसाद के पास। **दैनिक भास्कर** की प्रमुख खबर है– असिस्टेंट प्रोफेसर के चार हजार एक सौ आठ पदों पर बहाली के लिए इंटरव्यू कल से। हाईकोर्ट से मिली हरी झंडी। **प्रभात खबर** ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– चुनाव के हर चरण में बढ़ा वोट, पर प्रतिशत में घटा। **आज** अखबार लिखता है– शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों से मांगा बैंक खातों का ब्योरा। **राष्ट्रीय सहारा** की प्रमुख खबर है– पच्चीस को बिहार आयेंगे प्रधानमंत्री मोदी। **नवबिहार टाइम्स** लिखता है– बिहार की विकास यात्रा बतायेगा ड्रोन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए प्रचार का शोर आज शाम समाप्त हो जायेगा। राज्य की आठ लोकसभा सीटों के लिए शनिवार को होगा मतदान।

02. निर्वाचन आयोग ने भाजपा और कांग्रेस को चुनाव प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले बयानों से बचने का निर्देश दिया।

03. छपरा में चुनाव बाद हुयी हिंसा के मामले में पांच प्राथमिकी दर्ज। इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध पच्चीस मई तक बढ़ाया गया।

04. और, आज बुद्ध पूर्णिमा है। बोधगया के महाबोधि मंदिर में हो रही है विशेष पूजा–अर्चना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।